इतनी किरपा मावड़ी बनाये रखना

इतनी किरपा मावड़ी बनाये रखना,
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना,

मैं तेरा तू मेरी दाती मैं राजी तू राजी,
तेरे नाम पे लिख दी मैंने इस जीवन की बाजी,
पर लाज तुम्हारे हाथ है बचाए रखना,
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना,

हाथ जोड़ मैं करू प्राथना भूल कही न जाना,
तेरे घर पे बना रहे मेरा आना जाना,
दिन पे दिन ये सिलसिला बढ़ाये रखना.
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना,

तेरे भक्तो में मन लगता और कही ना लागे,
फीका फीका ये जग सारा भजन भाव के आगे,
बहनो की इस भूख को जगाये रखना,
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना,

जन्म जन्म तक तेरा मेरा साथ कभी ना छूटे,
टूट जाए सांसो की लढ़िया तार कभी ना छूटे,
गोदी में इस बीनू को बिठाये रखना,
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4058/title/itni-kirpa-maawadi-banaye-rakhna-marte-dam-tak-sewa-me-lagaye-rakhna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |